6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×2=10**

(क) काव्य की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) अनुप्रास अलंकार की परिभाषा व उदाहरण दीजिए।

(ग) दोहा छन्द का सोदाहरण लक्षण बताइए ।

(घ) शब्द शक्तियों की विवेचना कीजिए ।

7. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×8=8**

(क) 'बीजक' के कितने भाग हैं ?

(ख) मीराबाई किसकी अनन्य भक्त थी ?

(ग) बिहारी किस युग के कवि थे ?

(घ) इतिहास का सम्बन्ध किससे होता है ?

(ङ) आचार्य शुक्ल ने आदिकाल को क्या कहा है ?

(च) 'वाक्य रसात्मक काव्यम' किसका कथन है ?

(छ) रौद्र रस का स्थायी भाव क्या है ?

(ज) तीन अर्थालंकारों के नाम लिखिए ।



**Roll No. ......................** **Exam Code : M-21**

# Subject Code—52020

## B. A. EXAMINATION

(Batch 2017 Re-appear)

(First Semester)

HINDI (Compulsory)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **6×2=12**

(क) कबीर कहा गरबियौ, इस जीवन की आस ।
टेसू फूले दिवस चारि, खंखर भये पलास ।।
यहु ऐसा संसार है, जैसा सैबल फूल ।
दिन दस के त्योहार को, झूठै रंगि न भूल ।।

(ख) अविगत-गति कछु कहत न आवै ।
ज्यों गूंगे फल को रस अन्तरगत ही भावै ।
परम स्वाद सबहि सु निरन्तर अमित तोष उपजावै ।

मन-बानी कौं अगम-अगोचर, सो जानै ओ पावै।
रूप-रेख-गुन-जाति-जुगति-बिनु निरालंब कित धावै
सब विधि अगम विचारहिं ताते सूर सगुन-लीला
पद ।

(ग) प्रभु तो मिलण कैसे होय ।
पांच पहर धन्धे में बीते, तीन पहर रहे सोय ।
माणस जनम अमोलक पायो, सोतै डारयो खोय।
मीरा के प्रभु गिरधर भजीये होनी हो सो होय ।।

(घ) दीरघ साँस न लेहि दुख, सुख साईहिं न भूलि।
दई-दई क्यों करतु है, दई दई सो कबूलि ।।
बंधु भए का दिन के, को तारयौ रघुराई ।
तूठे झूठे फिर हौ, झूठे विरद कहाई ।।

2. तुलसीदास **अथवा** मीराबाई में से किसी **एक** का साहित्यिक परिचय दीजिए । **8**

3. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए : **4×4=16**

(क) कबीरदास की सामाजिक चेतना पर संक्षेप में प्रकाश डालिए ।

(ख) तुलसीदास की समन्वय भावना पर टिप्पणी लिखिए।



(ग) प्रभु के बिना मीरा को सांसारिक सुख कैसे लगते हैं ?

(घ) शृंगारी कवि के रूप में बिहारी का परिचय दीजिए।

(ङ) घनानंद 'प्रेम की पीर' के कवि हैं । स्पष्ट कीजिए ।

(च) सूरदास की भक्ति-भावना के विषय में बताइए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8×2=16**

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन की परम्परा की चर्चा कीजिए ।

(ख) आदिकाल की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

(ग) हिन्दी साहित्य के काल-विभाजन व नामकरण पर प्रकाश डालिए ।

(घ) आदिकालीन राजनैतिक, सामाजिक व धार्मिक परिस्थितियों का विवेचन कीजिए ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×2=10**

(क) आदिकाल की सामाजिक परिस्थितियाँ क्या थीं ?

(ख) रासो काव्य की परम्परा पर प्रकाश डालिए ।

(ग) आदिकाल की काल-सीमा तथा नामकरण पर टिप्पणी कीजिए ।

(घ) नाथ सम्प्रदाय का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।